हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

नरेन्द्र मोदी सरकार ने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान सरकार ने बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की है। सरकार ने देश में स्वास्थ्य और शिक्षा संबंधी बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं।

****

वक्फ संशोधन विधेयक पर सयुंक्त समिति की कल नई दिल्ली में बैठक हुई। यह विधेयक वक्फ सम्पत्तियों के प्रशासन और प्रबंधन की खामियां दूर करने और दक्षता बढ़ाने के लिए लाया गया है। इसमें मुस्लिम महिलाओं और गैर-मुस्लिमों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने तथा केन्द्रीय वक़्फ परिषद और राज्य वक़्फ बो□ों की संरचना को व्यापक बनाने का प्रावधान भी किया गया है। लोकसभा सांसद जगदम्बिका पाल इस समिति के अध्यक्ष हैं। समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के दस सदस्य हैं।

****

भारत निर्वाचन आयोग की एक टीम ने कल हरियाणा विधानसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में 11 जिलों के मं□ल आयुक्तों, पुलिस रेंज महा निरीक्षकों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और पुलिस अधीक्षकों, सामान्य पर्यवेक्षकों और पुलिस पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में आयोग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल और राज्य पुलिस नो□ल अधिकारी के साथ प्रशासनिक, कानून व्यवस्था तथा चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।आयोग ने कानून और व्यवस्था की बेहतर स्थिति बनाए रखते हुए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने व मृत और स्थानांतरित मतदाताओं को सूची से हटाने का निर्देश दिया। इसके

अलावा, मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल वातावरण के साथ-साथ पोलिंग बूथों पर न्यूनतम तय सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया। आयोग ने अधिकारीयों को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान रूप से सुलभ होने और विभिन्न चुनाव संबंधी विभिन्न गतिविधियों से संबंधित शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश भी दिये।

****

नरवाना विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के पूर्व विधायक पृथ्वी सिंह नंबरदार कल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने रोहतक में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में उन्हें पार्टी में शामिल कराया। नंबरदार, नरवाना से दो बार विधायक रहे हैं।इस दौरान पृथ्वी सिंह नंबरदार ने कहा कि वे मनोहर लाल से पुराने समय से परिचित हैं और अब भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर बी जे पी में शामिल हो रहे हैं। वहीं, मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि चुनावी माहौल में नंबरदार के बी जे पी में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पार्टी को निशाने पर लेते हुए मौजूदा प्रदेश सरकार और कांग्रेस सरकार के 10 वर्ष के शासनकाल की तुलना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मुकाबले बी जे पी का शासनकाल बहुत बेहतर रहा है।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल रोहतक में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले हरियाणा में जाति, भाई भतीजावाद और परायों को पछाड़ने की राजनीति होती थी, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति है। श्री नड्डा ने कहा कि बी.जे.पी के शासन में हरियाणा की छवि मैरिट के आधार पर नौकरियां देने वाले प्रदेश की बनी है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हरियाणा में ज़मीन के घोटाले हुआ करते थे, आज हरियाणा घोटाला मुक्त और विकास युक्त हो गया है और

विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। श्री नड्□ा ने बी.जे.पी के दस साल के विकास कार्य और उपलब्धियां भी गिनवाई। सम्मेलन में श्री नड्□ा ने कार्यकर्ताओं से रोहतक से बी.जे.पी प्रत्याशी मनीष ग्रोवर को जिताने व कमल का परचम लहराने का आहवान किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष पं□त मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश महामंत्री □ा.अर्चना गुप्ता, उपाध्यक्ष सतीश नांदल, बी.जे.पी प्रत्याशी मनीष ग्रोवर तथा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका मौजूद रहे।

****

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिहं हु□□ा ने जींद में इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी महावीर गुप्ता के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा नशे का शिकार होता जा रहा है, ऑग्रेस की सरकार बनते ही हरियाणा से अपराध और नशे को जड़ से समाप्त किया जाएगा ।उन्होंने दावा किया कि उनके शासनकाल में हरियाणा प्रति व्यक्ति आय में देश में पहले स्थान पर था। उन्होंने अपने संबोधन में नौकरी और आरक्षण का मुद्दा भी उठाया।श्री हूड़ा ने कहा कि इस बार मुक़ाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच है ।उन्होंने लोगो से कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने की अपील भी की ।